कारोबार बढ़ाने में सरकार युवाओं की करेगी मदद

संवाद न्यूज एजेंसी

सूक्ष्य, लघु एवं तकनीकी उन्नयन योजना से लें पांच लाख का ऋण

बलरामपुर। कारोबार को बेहतर बनाने में प्रदेश सरकार मदद करेगी। सूक्ष्य, लघु एवं तकनीकी उन्नयन योजना से कारोबार को बेहतर बनाने के लिए पांच लाख रुपये का ऋण ले सकते हैं।

उत्पादों के गुणवत्ता को सुधारने, ऊर्जा की दक्षता, गुणात्मक ढंग से पैकेजिंग, परीक्षण सुविधाएं, कंप्यूटरीकृत गुणवत्ता नियंत्रण व श्रम सुरक्षा आदि को बढ़ावा देने के लिए तीन वर्ष से संचालित सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को 50 प्रतिशत पूंजी दी जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा पांच लाख रुपये तक होगी। पूंजी उपादान केवल प्लांट मशीनरी और उपकरणों पर ही मदद दी जाएगी। एक से अधिक मदों में आवेदन करने वालों को 7.5 लाख से 15 लाख तक मदद मिल सकती है। उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि इसका प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। जानकारी उद्योग कार्यालय से ली जा सकती है।

प्रशिक्षण के बाद गांवों का कराएंगे विकास

बलरामपुर। जिले में 22 ग्राम पंचायत सचिवों की नई तैनाती हुई है। नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद गांवों का विकास कराएंगे।
डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय ने बताया कि पंचायती राज विभाग ने बलरामपुर जिले में 22 नये ग्राम पंचायत अधिकारियों को भेजा है। देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों के 105 नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को श्रावस्ती के जिला पंचायत रिर्सोस सेंटर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें गोंडा के 47, बलरामपुर के 22, बहराइच के 27 व श्रावस्ती के नौ ग्राम पंचायत अधिकारी शामिल हैं। 10 दिवसीय प्रशिक्षण पूरा होने के बाद गांवों में तैनात किया जाएगा। गांवों का बेहतर विकास होगा। (संवाद)